Title: Need to bring a legislation to ban cow-slaughter in the country.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, देश में अनेक स्थानों पर गायें और गोवंश वध (काटने) की अनेक घटनाएं हो रही हैं। ऐसी भी जानकारी मिल रही है कि पाड़े आदि के नाम पर गौमांस की बिक्री और निर्यात किया जाता है। कारणवश देश के बहुसंख्यक समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गौवंश की रक्षा करने और उनको काटने से रोकने हेतु कानून बनाना और उसका पालन करवाना राज्य सरकारों का काम है। अनेक राज्यों ने गोवंश और गायों को काटने पर रोक लगाने का कोई कानून नहीं बनाया है और ऐसे राज्यों में गायें काटने का काम खुलेआम होता है। गाय काटने और गौवंश काटने पर रोक लगाने की सारे देश में आवश्यकता है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार इस दिशा में पहल करे और सारे देश में गाय और गोवंश वध (काटने) पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध लगाने हेतु आवश्यक कानून बनाए और जनभावनाओं का आदर करे।